BIT मेसरा • जेईई में 25 हजार रैंक तक प्राप्त करने वाले एससी, एसटी छात्रों को ट्यूशन फीस में 50% की छूट

IIM, XISS में मेरिट पर प्राप्त कर सकते हैं 20 हजार से 1 लाख तक की संस्थागत स्कॉलरशिप

सिटी रिपोर्टर | रांची

बीआइटी मेसरा, आईआईएम रांची व एक्सआईएसएस रांची, एनआईएएमटी रांची में नए सत्र में नामांकन लेने वाले छात्र संस्थागत छात्रवृत्ति का लाभ ले सकते हैं। इसके तहत 20 हजार रुपए से लेकर एक लाख रुपए तक की स्कॉलरशिप संस्थान की ओर से दी जाएगी। बीआईटी मेसरा में मेरिट व आर्थिक स्थिति, जेईई मेन में बेहतर रैंक के आधार पर स्कॉलरशिप दी जाएगी। अभी नामांकन लेने वाले छात्र सेमेस्टर के अंत में स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसमें जेईई मेन में ऑल इंडिया रैंक 1000 तक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को पहले सेमेस्टर में 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस माफ कर दी जाएगी। वहीं एआईआर 1001 से 2500 तक के छात्रों को 75 प्रतिशत, एआईआर 2501 से 4000 तक को 50 प्रतिशत तक ट्यूशन फीस माफ की जाएगी। वहीं एससी-एसटी वर्ग के छात्रों के लिए 5 हजार रैंक तक प्राप्त करने वाले को 100 प्रतिशत, 5001 से 15000 रैंक तक को 75 प्रतिशत और 15001 से 25 हजार रैंक तक को 50 प्रतिशत ट्यूशन फीस में छूट दी जाएगी।

XISS : तीसरे और छठे ट्राईमेस्टर के बाद कर सकेंगे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन

एक्सआईएसएस, रांची में तीसरे और छठे ट्राईमेस्टर की परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद संस्थागत छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इनमें फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप एससी व एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए, फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप मेधावी छात्रों के लिए और फादर लुइस फ्रेंकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप ओवरऑल परफॉरमेंस सभी श्रेणियों के छात्रों के समग्र प्रदर्शन (अकादमिक, स्पोर्ट्स, एक्स्ट्रा-करिकुलर एवं कैरेक्टर) के लिए दिया जाता है। प्रति वर्ष 24 छात्रों को मेरिट और अन्य श्रेणियों के माध्यम से इन छात्रवृत्तियों के लिए चुना जाता है। इसमें 20 हजार से 50 हजार रुपए तक की स्कॉलरशिप दी जाती है।

IIM : हर ट्राईमेस्टर में छात्रवृत्ति प्राप्त करने का मौका : आईआइएम रांची में इस सत्र से मेधावी व आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों के लिए मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति की शुरूआत की गई है। प्रत्येक ट्राईमेस्टर के अंत में सीजीपीए व आर्थिक स्थिति के आधार पर लिस्ट तैयार की जाएगी। इसमें पहले स्थान पर रहने वाले छात्र का एक ट्राईमेस्टर की फीस माफ होगी। इसके अलावा दूसरे चयनित छात्रों को 40 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसमें लगभग एक करोड़ रुपए तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जिसमें एमबीए, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट और इंटिग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के छात्र होंगे।

Dainik Bhaskar_23.09.2023_Pg. 05